अप्रैल से शुरू होगी 20 हजार सेविका-सहायिका की बहाली

संवाददाता, पटना

राज्य भर में अप्रैल के बाद 20 हजार से अधिक सेविका-सहायिका की चयन प्रक्रिया शुरू होगी. समाज कल्याण विभाग के मुताबिक बिहार में एक लाख 14 हजार आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है.वहीं, नये 18 हजार आंगनबाड़ी केंद्र को स्वीकृति के लिए विभाग ने पत्राचार किया है, जिसकी अनुमति मिलने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है. 31 मार्च तक इसके लिए अलग से जिलों में एक अप्रैल से चयन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी. विभाग के मुताबिक पहले से चलने वाले केंद्रों में पाया गया है कि कई केंद्रों पर सेविका-सहायिका के रिक्त पद है.

10 मार्च से नये स्थलों की होगी पहचान : विभाग ने 10 मार्च से नये स्थलों की पहचान शुरू करने के लिए सभी सीडीपीओ को दिशा-निर्देश दिया है. निर्देश में कहा गया है कि ऐसे सभी स्थलों की पहचान करें.